# समाचार

## दादर से खरमोरा मार्ग में लगी स्ट्रीट लाईट

### (सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर ने एम.आई.सी. सदस्यों व पार्षदों की उपस्थिति में किया लोकार्पण)




कोरबा 13 अक्टूबर 2016 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 31 दादरखुर्द से खरमोरा बस्ती तक सड़क रोशनी व्यवस्था का कार्य कराया गया है, बुधवार को निगम के सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर ने उक्त सड़क रोशनी व्यवस्था को जनसेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य दिनेश सोनी एवं सीताराम चौहान, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद विनीत द्विवेदी एवं डॉ. मनहरण लाल राठौर विशेष रूप से उपस्थित थे।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम द्वारा किए जा रहे विद्युत विहीन बस्तियों के विद्युतीकरण एवं क्षेत्र की सड़कों में स्ट्रीट लाईट लगाए जाने के कार्य की अगली कड़ी में कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 31 दादरखुर्द बस्ती से खरमोरा बस्ती तक जाने वाले मार्ग में 13 लाख 08 हजार रूपये की लागत से एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट स्थापना का कार्य निगम द्वारा कराया गया है। बुधवार को आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर ने उक्त सड़क रोशनी व्यवस्था का लोकार्पण किया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं स्वीच आन कर व्यवस्था को जनसेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर दशहरा मैदान में आयोजित रावण दहन समारोह में पहुंचकर उन्होने रावण दहन भी किया।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पूर्व सभापति संतोष राठौर, एम.आई.सी. सदस्य दिनेश सोनी, सीताराम चौहान, पार्षद विनीता द्विवेदी, डॉ. मनहरणलाल राठौर के साथ ही महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, रतन सिंह कंवर, गंगासागर पाठक, मनहरण त्रिवेदी, सुकलाल सिंह राठिया, सहायक अभियंता भूषण उरांव, विपिन मिश्रा आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।


(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित